# अमूल्य क्यूब

*क्योंकि जीवन अमूल्य है*

## मानव तस्करी : शिक्षा द्वारा रोकथाम

(क्यूब पर चित्र दिखाने के लिये निर्देशानुसार खोलें)

## 1 ↔ मनुष्य के जीवन का क्या मोल है?



- ये मनुष्य विश्वभर के लोगों का प्रतिनिधित्व कर रहें हैं| इन सब की वेशभूषा, रहन-सहन और रीतिरिवाज अलग-अलग हैं|
- इन सब के अपने **जीवन** मूल्य हैं| किसी एक व्यक्ति की ओर इशारा करते हुए पूछो कि अगर इस स्त्री के पिता की मृत्यु हो रही हो तो यह उनका जीवन बचाने के लिए क्या करेगी ? अथवा अगर इस व्यक्ति का भाई खतरे में हो तो यह उसे बचाने के लिए कौन सा खतरा मोल लेगा?
- इन में से प्रत्येक व्यक्ति अपने प्रियजन को बचाने के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगा देगा क्योंकि मनुष्य का जीवन अमूल्य है|
- एक अन्य बात जो हम सब में समान है वह यह है कि हम सब एक जैसी ही चीज़ों को पाने का प्रयास करते हैं |

## 2 ↔ हम सब अपने जीवन से क्या चाहतें हैं



**आर्थिक सुधार**------(पैसों की ओर इशारा करते हुए) क्या आप ज्यादा पैसा कमाना चाहते हैं? आप इतने पैसे का क्या करोगे?शायद हम इन पैसों से कपड़े, नया फोन खरीदेंगे या फिर शिक्षा पर खर्च करेंगे |

**शिक्षा** ------( बच्चों और पुस्तकों की ओर इशारा करते हुए ) शिक्षा हमारे लिए क्यों महत्वपूर्ण है? हम अपने बच्चों को ठीक से पढाना चाहते हैं ताकि उनका भविष्य अच्छा हो, उन्हें अच्छी नौकरी मिले और वे खूब पैसा कमाएँ |

**समानता** ------- हम अच्छी शिक्षा पाने के लिए या ज्यादा पैसा कमाने के लिए काम करते हैं|

उस समय हम यह नहीं सोचते कि हम कौन हैं और कहाँ रहते हैं |(बीच में खड़े तीन लोगों की ओर इशारा करते हुए ) हम चाहते हैं कि सब हमें सम्मान दें और दूसरों के बराबर समझें|

## 3 ↔ वे कौन से लोग हैं जिनका हम सम्मान करते हैं



- **धार्मिक नेता** हम आशा करते हैं कि वे हमें बतायेगे कि हमें शांति कैसे मिलेगी और हमारा ईश्वर के साथ क्या संबंध है |
- **पति और पुरुष मित्र** -------ये लोग भावनात्मक और आर्थिक सहायता करके हमारे प्रति अपना प्रेम अभिव्यक्त करते हैं|
- **परिवार और मित्र** -------- जब हम छोटे थे तो हमारी माँ ,आंटी और पडोसिनों ने हमारी देखभाल की|
- **अमीर व्यवसायी** ----------उनके पास पैसा,ओहदा और सम्मान ----ये सब होता है जो हम भी अपने जीवन में चाहते हैं|

# 4 ↕ ये बच्चे कहाँ जा रहें हैं और क्यों ?



• इस अमीर व्यवसायी ने इस परिवार को पैसा दिया है और वचन दिया है कि वह इनके बच्चों को दूसरे देश ले जाएगा ताकि वे वहाँ ठीक से खेलों में भाग ले सकें और साथ साथ कुछ कमाएँ भी | (उस परिवार की ओर इशारा करके दिखाएँ जो गुड बाय कर रहा है) वह परिवार से यह वायदा करता है कि वह उन्हें हर महीने पैसा भेजेगा|

• धार्मिक नेताओं ने कहा कि वे इस परिवार के बच्चों को शहर में ले जायेंगे ताकि वे स्कूल में पढ़ सकें| (चित्र में ऊपर दाईं ओर बने परिवार की ओर इशारा करें जो एक दूसरे से मिल रहें हैं) वे दुखी हैं कि उनका बच्चा उनसे दूर जा रहा है पर साथ ही वे खुश भी हैं कि उसे अच्छी शिक्षा मिलेगी और देखभाल भी अच्छी प्रकार की होगी|

• एक आंटी ने उस लड़की को नौकरी दिलाने का वायदा किया | (यह लड़की अभी शहर में एक रेस्तरां में काम कर रही है| (उस लड़की की ओर इशारा करें जो कार की खिड़की से

• बाहर देख रही है ) उस ने इस लड़की से वायदा किया है कि वह वह बहुत पैसे कमाएगी और उसे नौकरी में मज़ा भी आएगा|

• **इन** सब लोगों ने अपने घर से दूर भेजने का फैसला लिया है क्योंकि उनके किसी निकट सम्बन्धी या व्यक्ति ने उनसे कहा कि इससे बच्चे का भला होगा |(उस बच्चे की ओर इशारा करो जिसे जबरदस्ती ले जाया जा रहा है ) पर यह बच्चा बिना उसकी इच्छा के ले जाया जा रहा है ओर किसी को पता नहीं कि वह कहाँ जायेगा\जायगी |

**इन** परिवारों को विश्वास है कि उनका चुनाव ठीक है |

# 5 ↔ सच्चाई क्या है? और धोखा क्या है?



• पति और मित्र अपने प्रिय लोगों के साथ मिलकर काम करते हैं और सुखी घर (परिवार) बनाने का प्रयतन करते हैं| अपनी पत्नी या महिला मित्र को दुःख नहीं देते| ये अच्छे लोग हैं| अगर कोई आदमी अपनी पत्नी या महिला मित्र को ड्रग्स या पैसे बनाने के लिए शारीरिक सम्बन्ध स्थापित करने को कहता है तो उसके साथ रहना सुरक्षित नहीं है|

▪ तुम्हारे घर में बहुत से धार्मिक नेता आते होंगे | वे तुम्हारे बीच में रहते हैं, तुम्हारी भाषा बोलते हैं और तुम्हे ये सिखाना चाहते हैं कि परमेश्वर के साथ शांति कैसे प्राप्त करें | ये अच्छे लोग हैं|

**कभी कभी कुछ लोग धार्मिक नेताओं (साधू-सन्यासियों) जैसे कपड़े पहनकर आते हैं जबकि वे परमात्मा को नहीं जानते | अगर कोई ऐसा व्यक्ति तुम्हे पैसा देकर तुम्हारे बच्चे को गांव से बाहर ले जाना चाहे तो उसके साथ बच्चा सुरक्षित नहीं है|**

▪ कुछ अमीर व्यापारी तुम्हारे शहर में आ कर स्कूल बनवाते हैं , दवाएं देते हैं या तुम्हारे घरों में साफ़ पानी का प्रबंध करते हैं तो ये लोग अच्छे हैं

**अगर कोई अमीर व्यक्ति तुम्हें पैसा देकर तुम्हारे बच्चे को गाँव से बाहर ले जाना चाहे तो उसके साथ बच्चे को भेजना सुरक्षित नहीं है |**

▪ पडोसी, आंटियां और माताएं अपनी बेटियों को अच्छी शिक्षा व् अच्छी नौकरी पाने में सहायता करती है | वे अच्छी महिलाएं हैं|

**यदि कोई महिला चाहे तुम उसे जानते हो दूसरे देश में बच्चे की पढाई या नौकरी के लिए आने जाने का खर्चा स्वयं करने को तयार हो और बदले में तुम्हारा पहचान-पत्र रखना चाहे तो वह महिला अच्छी नहीं है |**

# 6 अब ये बच्चे कहाँ हैं ?



वे लोग, जिनपर आपने भरोसा किया उन्होंने हमें धोखा दिया | परिवारों ने झूठ पर विशवास किया| अब उनके बच्चे खतरनाक लोगों के लिए काम करने को मजबूर हैं |(नीचे दाएँ तरफ बंधे हुए हाथों की ओर इशारा करें ) वे अब जाल में फंस चुके हैं और इससे निकलने का भी कोई रास्ता नहीं है|

• (बीच में दायें खड़े और बीच में बाएं खड़े बच्चों की ओर इशारा करें) बहुत से बच्चों को खेतों में काम करने या मछली पकड़ने के लिए मजबूर किया जाता है | उन्हें भरपेट खाना, पानी यहाँ तक कि सोने को भी नहीं मिलता |अगर वे आराम करें या खेलें तो उन्हें बहुत मारा जाता है | यहाँ तक कि कभी कभी उनकी मौत भी हो जाती है |

• (अस्त-व्यस्त बिस्तर की ओर और ज़मीन पर पड़े बच्चे की ओर इशारा करें )बहुत से बच्चों से रातभर काम करवाया जाता है | लोगों को उनका शोषण करने और उनके साथ सम्बन्ध स्थापित करने के लिए पैसे दिए जाते हैं | हर रात ३० तक आदमी बच्चों के साथ बलात्कार करते हैं |

• (सबसे ऊपर खड़ी लड़की की ओर इशारा करें ) धीरे धीरे लड़की टूट जाती है | उसे एक छोटे से कमरे में बंद करके रखा जाता है और ड्रग्स दिए जाते हैं ताकि वो लड़ाई न कर सके |उसे यह विशवास दिलाया जाता है कि सुरक्षित रहने का एक ही तरीका है कि सुंदर दिखो और जो भी आदमी तुम्हें मिलता है उसके साथ खुश रहने का नाटक करो | उसे नहीं पता कि सभी जीवन अमूल्य हैं और वह भी मूल्यवान है |

**अगर कोई इन बच्चों की सहायता नहीं करेगा तो वे शोषण, थकान और बीमारी से मर जायेंगे |**

# 7 इन बच्चों और परिवारों के लिए कुछ उम्मीद है



(ऊपर बाई ओर के परिवार की ओर इशारा करें ) अपने परिवार को पकड़ कर रखें | उन्हें किसी ऐसे व्यक्ति के साथ शिक्षा प्राप्त करने या नौकरी करने न भेजें जो बदले में पैसे दे |उन्हें किसी ऐसे व्यक्ति के साथ न भेजें जो ले जाने के बदले पैसे दे , उन्हें ऐसे व्यक्ति के साथ न भेजें जो उनके सफर का खर्चा दे अपने या अपने बच्चे का पहचान पत्र किसी को न दें |

• (फोन पर बात करती हुई स्त्री की ओर इशारा करें ) यदि आप देखें या सुने कि लोगों को जबरदस्ती घरों से ले जाया जा रहा है और खतरनाक जगहों पर काम करने के लिए भेजा जा रहा है **तो तुम ज़रूर शोर मचाओ |** वे सब मूल्यवान हैं| उन्हें हमारी सुरक्षा चाहिए | अगर उन्हें ज़बरदस्ती ले जाया जाता है तो इस नम्बर ------------------- पर फोन करें | अधिकारी उन्हें ढूढें और मुक्त कराएँ |

• अगर तुम कभी ऐसी खतरनाक परिस्थिति में फंस जाओ तो उस जगह का कोई पहचान चिन्ह याद रखो | यदि मदद चाहिए तो जल्दी से जल्दी इस फोन पर ------------------ बात करें |

• जो लोग इस नम्बर पर जवाब देंगे वे जल्दी से जल्दी तुम्हारे पास आयेंगे और तुम्हें मुसीबत से छुडाएंगे |

• (खुली जंजीरों की ओर इशारा करें )-----अगर कोई बच्चा बचा लिया जाता है या किसी तरह बच जाता है तो कई बार उसके परिवार वाले खुश नहीं होते और उसका घर में स्वागत नहीं करते |परिवार वालों को शर्म महसूस होती है | उनका बच्चा भी परेशान हो जाता है | कभी कभी बच्चा बीमार पड़ जाता है और अब उसे कोई नहीं चाहता |

• (खुले दरवाजे की ओर इशारा करते हुए)---इस खुले दरवाजे से बच्चे और उसके परिवार को आज़ादी और उपचार मिल सकता है | अगर घर वापिस आने पर बच्चे को घर का दरवाजा खुला मिलता है तो उसे जितने भी दर्द मिले हैं वे ठीक हो जाते हैं |

• हालाँकि वे टूट चुके होते हैं , ज़ख्मी होते हैं और उनका दिल भी टूट चूका होता है फिर भी वे ठीक हो जातें हैं |

**क्या मैं तुम्हें इस खुले दरवाज़े के बारे में एक और कहानी बता सकता हूँ ?**

# आंकड़े

▪हर ३० सेकण्ड में एक बच्चे की तस्करी होती है |**(यू नी सेफ** )
▪अमेरिका में यौन-गुलाम व्यापार में आने कि औसत उम्र १३ साल है **(यूनाइटेड स्टेट्स डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस)**
▪192 में से 161देशों में मानव तस्करी होती है |(**यूनाइटेड नेशोंस** )
▪लगभग 96 % महिलाएं वैश्यावृति के इस पेशे से बाहर निकलना चाहती हैं पर उन्हें ऐसा लगता है कि वो यह नहीं कर सकतीं | **(यूनाईटेड लेबर ऑर्गनाइजेशन)**
▪प्रतिवर्ष करोड़ो रुपऐ की मानव तस्करी होती है |( **यूनाइटेड नेशन्स)**
▪ऐसा अनुमान है कि कुछ देशों में 70% पुरुष पैसे देकर शारीरिक सम्बन्ध स्थापित करते हैं |**(विक्टर मालेरेक; द जॉन्स)**
▪ पूरी दुनिया में 27 करोड़ लोग ऐसे गुलाम हैं |ये उन अफ्रीकियों से संख्या में दुगने हैं जो ट्रांस अटलांटिक दास व्यापार में दास बनाये गए थे |**(केविन बालेस; फ्री द स्लेव्स** )

# श्रेष्ठ कार्य

अपनी एक संस्था होने पर या किसी संस्था का प्रतिनिधित्व करने पर भी हम किसी भी हालत में ऐसा नहीं करेंगे |
▪ऐसा अवयस्क बच्चा जो बचा लिया गया हो उसकी तस्वीरें नहीं दिखायेंगे |
▪ऐसी कहानी नहीं सुनायेंगे जिससे किसी ऐसे बच्चे का असली नाम या रहने के स्थान के बारे में पता चले |
▪किसी ऐसे बचाए गए बच्चे की कहानी उससे या उसके माता-पिता से पूछे बिना मीडिया को नहीं बताएँगे |
▪हम इस तरह की रिपोर्ट में सही बात बताएँगे | न तो बात को बढ़ा चढ़ा कर कहेंगे और न ही घटा कर कहेंगे |
▪शोषण के शिकार और उससे बचकर आये व्यक्ति की तस्वीरें और कहानियां सूचनापत्र,ब्लॉग, फेसबुक,ट्विटर या अन्य किसी भी स्थान पर छपने से पहले ही तुम्हारी टीम के नेता द्वारा हटा दिए जाने चाहिए |
▪यदि हम किसी तस्करी के शिकार व्यक्ति के संपर्क में आयेगे तो लिखित रूप में उसके नाम' उम्र , हुलिए और रहने के स्थान आदि के बारे में सूचना एकत्रित करेंगे यह सारी सूचना तुम्हारी टीम के नेता को दे दी जायेगी ताकि सही समय पर हस्तक्षेप किया जा सके|

# उचित कदम

**प्रार्थना**

यीशू बंधकों को रिहा करने करने आया था | हम केवल प्रार्थना द्वारा उसके इस कार्य में सहयोग दे सकते हैं और आधुनिक समय में गुलामी को नष्ट कर सकते हैं |

**जागरूकता**

विलियम विल्बेर्फोर्स ने कहा है कि तुम किसी दूसरे रास्ते का चुनाव कर सकते हो पर तुम दोबारा कभी यह नहीं कह सकते कि तुम्हे पता नहीं था| अब जब कि तुम जान चुके हो तो पूरी उतेजना से अपने जानने वालों को जागरूक करो | जो तुमने सीखा है उसे कम से कम 10अपने जाननेवालों और10 उन लोगों को जिन्हें तुम नहीं जानते, बताओ |

**दूसरों को देना**

मानव तस्करी नाम की यह महामारी पैसों की वजह से होती है | यह आवश्यक है कि इसके खिलाफ लड़ा जाय | ऐसी संस्थाओं को आर्थिक सहायता दो जो मानव शोषण के विरुद्ध कार्य कर रही हैं और उनका सहयोग करो |

**स्थानीय हॉट लाइन नम्बर**

©2014 e3 Partners Ministry/e3 Resources